आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 151 | छतरपुर, शुक्रवार 27 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हृदय रोग विभाग के एचओडी डॉ. गुप्ता को दी बधाई

### आईएमए के 'नेशनल वेटरन एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड' से हुए सम्मानित



*परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल के हमीदिया अस्पताल में हृदय रोग विभाग के एचओडी डॉ. राजीव गुप्ता को 'नेशनल वेटरन एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल डॉ. गुप्ता के व्यक्तिगत समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है, बल्कि यह मध्यप्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ. गुप्ता का योगदान भविष्य में और अधिक लोगों को प्रेरित करेगा तथा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।*

भारतीय चिकित्सा संघ (IMA) ने मध्यप्रदेश के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव गुप्ता को 'नेशनल वेटरन एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और आधुनिक चिकित्सा के प्रति उनकी निष्ठा का प्रमाण है। यह सम्मान समारोह राष्ट्रीय आईएमए कांफ्रेंस में राष्ट्रीय प्रेसिडेंट डॉ आशोकनद् वारा हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित हुआ, जहां देशभर से चिकित्सा जगत की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

## उद्यानिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का असफल प्रयास

### बीआईपी ड्यूटी के बाद छतरपुर में मित्र के घर रूका था अधिकारी

छतरपुर। गुरुवार की सुबह 9 बजे बक्सवाहा उद्यानिकी विभाग में पदस्थ एक प्रभारी अधिकारी डिप्रेशन के चलते फांसी के फंदे पर लटक गया, पास में मौजूद दोस्त ने देखा और फंदे से नीचे उतारा और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है। बुधवार को कर्मचारी खजुराहो में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में ड्यूटी पर गया था शाम को छतरपुर में अपने स्टाफ मित्र के साथ रुक गया था डिप्रेशन के चलते सुबह उसने मित्र के मकान पर फांसी लगा ली उसके मित्र ने उसे इलाज के लिए भर्ती किया है। वहीं थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



जानकारी के अनुसार आलोक पिता शोभाराम चौहान उम्र 29 साल निवासी धार जिले का रहने वाला है। हाल निवास बक्सवाहा का रहने वाला है। बक्सवाहा उद्यानिकी विभाग में प्रभारी अधिकारी के पद पर पदस्थ है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केन बेतवा लिंक परियोजना के कार्यक्रम में ड्यूटी पर गया था शाम को छतरपुर लौटा और नौगांव रोड पर रहने वाले अपने स्टाफ मित्र शैलेंद्र यादव के साथ रुक गया था। गुरुवार की सुबह 9 आलोक ने डिप्रेशन के चलते शैलेंद्र यादव के मकान में फांसी लगा ली। शैलेंद्र यादव ने उसे देखा और फांसी के फंदे से नीचे उतारा और निजी वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे भर्ती किया है।

आलोक ने बताया कि कल पीएम के कार्यक्रम खजुराहो से लौटा था रात में अपने स्टाफ मित्र शैलेंद्र यादव की मकान पर रुक गया था डिप्रेशन के चलते सुबह उसने फांसी लगाने का प्रयास किया तभी उसके मित्र शैलेंद्र यादव ने उसे बचा लिया है।

उपसंचालक उद्यानिकी विभाग जगदीश सिंह ने बताया कि आलोक चौहान बक्सवाहा में प्रभारी अधिकारी है। इनकी ड्यूटी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में खजुराहो में लगी थी ड्यूटी के बाद शाम को यह अपने स्टॉफ के दोस्त शैलेंद्र यादव के घर रुके थे सुबह घटना की जानकारी लगी है, उनको जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है हालत पहले से ठीक है, पुलिस इसमें जांच करेगी उसके बाद ही घटना का सही कारण पता लग पाएगा। ओरछा थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि इस मामले में मुझे कोई जानकारी नहीं है आपके माध्यम से जानकारी मिली है मैं जल्द ही इसकी जांच करवाता हूं।

## अब तक खरीदी गई 21 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान

### समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 20 जनवरी तक

परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 3 लाख 22 हजार 89 किसानों से 21 लाख 22 हजार 901 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये 1393 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 20 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है।



धान की खरीदी जिला पन्ना में 58,454, दमोह 39,670, सागर 7459, शहडोल 1 लाख 1 हजार 43, अनूपपुर 46,208, उमरिया 62,732, रीवा 2 लाख 17 हजार 77, सतना 2 लाख 35 हजार 687, सिंगरौली 80,259, सीधी 60,754, मऊगंज 54,919, मैहर 79,120, सीहोर 13,100, रायसेन 17,536, विदिशा 676, नर्मदापुरम 78,046, बैतूल 20,725, हरदा 349, कटनी 2 लाख 21 हजार 154, बालाघाट 2 लाख 75 हजार 776, मंडला 1 लाख, 9 हजार 759, नरसिंहपुर 45,363, सिवनी 1 लाख 13 हजार 95, जबलपुर एक लाख 60 हजार 922, डिंडोरी 17,699, छिंदवाड़ा 4719, भिण्ड 398, शिवपुरी 138, अलीराजपुर 47 और झाबुआ जिले में 17 मीट्रिक टन की जा चुकी है।

## कांग्रेस ने बिना भेदभाव किये बुंदेलखंड को दिया था पैकेज- राठौर

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ अवसर पर खजुराहो में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कांग्रेस पर बुंदेलखंड की उपेक्षा किए जाने के लगाए गए आरोप के जवाब में कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं विधानसभा क्षेत्र पृथ्वीपुर से विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने कहा है कि केन बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ किया गया यह हम सबके लिए सुखद क्षण है इससे हमारे बुंदेलखंड के कई जिले लाभान्वित होंगे लेकिन यह कहना उचित नहीं होगा कि कांग्रेस ने हमेशा ही बुंदेलखंड की उपेक्षा की है। विधायक श्री राठौर ने कहा कि आपने केन बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ कर अच्छा काम किया है लेकिन दूसरों ने काम नहीं किया यह आरोप लगाना उचित नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा ही बुंदेलखंड के विकास के लिए कार्य किया है और सन 2009 के तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के द्वारा बुंदेलखंड को बिना किसी भेदभाव के 7266 करोड़ रुपए की राशि का विशेष पैकेज दिया गया था जबकि उस समय मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी लेकिन कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने किसी तरह का भेदभाव नहीं किया था और बुंदेलखंड के विकास के लिए भारी भरकम पैकेज सन 2009 में दिया था। श्री राठौर ने कहा कि बीते रोज खजुराहो में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कांग्रेस पर बुंदेलखंड की उपेक्षा किए जाने के लगाए गए आरोप निराधार हैं।



## ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार जीजा साले घायल

छतरपुर। राजनगर थाना अंतर्गत ग्राम बरकोहां के पास बाईक से जा रहे युवक को ई-रिक्शा चालक ने सामने से टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार आनंद कुशवाहा एवं उसका जीजा बुरी तरह घायल हुए हैं।

घायल आनंद कुशवाहा ने बताया कि वे अपने जीजा के साथ छतरपुर से राजनगर जा रहे थे तभी बरकोहां के पास सामने से ई-रिक्शा लेकर आ रहे लच्छू कुशवाहा, मंजू कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा ने जान-बूझकर सामने से टक्कर मार दी। जिससे वे बुरी तरह घायल हुए हैं। आनंद ने आरोप लगाए कि लच्छू कुशवाहा बगैरह से उनका पुराना जमीनी विवाद चलता है जिसके चलते उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई है।

## अब सफेद लाईन भी खत्म, मुख्य मार्गो पर कहीं भी हाथ ठेला पर दुकानें लगाने वालों के विरुद्ध होगी कार्यवाही

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। व्यापारी संघ द्वारा नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री को दिये गये ज्ञापन उपरांत नगर निगम द्वारा कटरा मस्जिद से राधा टाकीज तिराहा तक यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे हाथ ठेला दुकानदारों को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण दल द्वारा मुख्य मार्ग पर हाथ ठेला लगाने वाले दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुये हटाने की कार्यवाही की गई।



निगमायुक्तश्री राजकुमार खत्री ने अतिक्रमण प्रभारी को निर्देश दिये हैं कि शहर की यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे हाथठेला दुकानदारों को मुख्य मार्गो पर खड़े होने पर उन्हें हटाने की कार्यवाही करें । उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा सड़क के दोनों ओर सफेद लाईन खींचकर उसके अंदर हाथठेला दुकानदारों को व्यापार करने हेतु व्यवस्था बनायी गई थी लेकिन बार-बार समझाईश देने के बावजूद उनके द्वारा मुख्य मार्गो पर हाथ ठेले खड़े कर यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा था,जिससे नागरिकों को
आवागमन में परेशानी हो रही थी इसलिये अब सफेद लाईन को खत्म किया गया है तथा कोई भी हाथ ठेला पर विक्रय करने वाले दुकानदार यदि मुख्य मार्गो पर खड़े पाये जायेंगे तो उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगमायुक्त ने अतिक्रमण प्रभारी को निर्देश दिये है कि कटरा मस्जिद के चारों तरफ मुख्य मार्गो पर यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वाले हाथठेला दुकानदारों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जाये। गुरूवार को अतिक्रमण टीम द्वारा कटरा मस्जिद से राधा तिराहा तक यातायात व्यवस्था बनायी गई तथा मुख्य मार्गो से हाथ ठेला वालों को हटाया गया तथा एक हाथ ठेला को जप्त करने की कार्यवाही की गई।

## राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में बकस्वाहा के प्रो. अवधेश प्रताप सिंह ने लहराया मध्य प्रदेश का परचम

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा- बकस्वाहा के शासकीय महाविद्यालय के प्रो. अवधेश प्रताप सिंह ने हाल ही में पटना, बिहार में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में दलनायक के रूप में मध्य प्रदेश का परचम लहराया। यह आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत 12 से 18 दिसंबर 2024 तक बी.आई.टी. कैंपस, पटना में हुआ था, जिसमें महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई ने भाग लिया।



इस शिविर में विभिन्न जिलों से 10 स्वयंसेवकों का चयन किया गया था, जिनमें बकस्वाहा से मौसम नामदेव और अन्य जिलों जैसे छतरपुर, टीकमगढ़, पृथ्वीपुर, पन्ना और सागर से अन्य स्वयंसेवक शामिल थे। इन स्वयंसेवकों का नेतृत्व करते हुए प्रो. अवधेश प्रताप सिंह ने ना केवल मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और प्रमुख स्थलों का परिचय दिया, बल्कि राज्य की प्रमुख नदियों, खजुराहो के विश्व धरोहर स्थल, उज्जैन, ग्वालियर जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थानों को भी प्रस्तुत किया।

प्रो. अवधेश ने शिविर में मध्य प्रदेश की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के योगदान को भी उजागर किया, खासकर रक्तदान के क्षेत्र में। डॉ. गिरिधर उपाध्याय, क्षेत्रीय निदेशक, पटना ने इस योगदान की सराहना करते हुए कहा, रक्तदान एक जीवनदान है, और हमें गर्व है कि मध्य प्रदेश की हस्स इकाई रक्तदान में अग्रणी रही है।

शिविर में हिस्सा लेने वाले स्वयंसेवकों ने विभिन्न राज्यों से आये प्रतिभागियों को न केवल अपने राज्य की सांस्कृतिक विशेषताओं के बारे में बताया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि मध्य प्रदेश न केवल सांस्कृतिक धरोहरों से भरपूर है, बल्कि समाज सेवा में भी सबसे आगे है। राष्ट्रीय एकीकरण शिविर से लौटने पर महाविद्यालय में प्रो. अवधेश प्रताप सिंह और बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा मौसम नामदेव का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पुष्पा सामवेदी ने कार्यक्रम अधिकारियों प्रो. अवधेश प्रताप सिंह के कार्यों की सराहना की और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विधायक अरविंद पटेरिया ने वितरित किया गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया मोदी जी के कार्यक्रम पश्चात अगले ही दिन बगैर थके सुबह से ही छेत्र के भ्रमण पर निकले जिसके तहत सर्वप्रथम वह राजनगर विधानसभा के ग्राम उदयपुर में युग पुरुष स्वामी विवेकानंद एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसाइटी खजुराहो के तत्वाधान में मातृत्व संवर्धन अभियान अंतर्गत लगभग 350 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की थैली वितरित किए ।



इ स अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क गर्भस्थ पोषण आहार के अलावा गर्भवती माताओ का स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टर आकांक्षा द्विवेदी, डॉक्टर प्रत्या प्रजापति एवं डॉ चित्रा के द्वारा किया गया, शिविर में डॉक्टर रितिका ठाकुर द्वारा मातृत्व संवर्धन अभियान का संचालन किया गया शिविर में आई गर्भवती महिलाओं को विधायक अरविंद पटेरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग का ख्याल रखती है खास तौर से लाडली बहनों के लिए तो हमारी सरकार के द्वारा लाडली बहन योजना के अंतर्गत हर माह ?1250 प्रदान किया जा रहे हैं साथ ही समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम भी संचालित होते रहते हैं , इस दौरान उन्होंने लाडली बहनों के साथ वार्तालाप भी किया और उनकी समस्याओं को भी सुना । संस्था की ओर से हरिगोविंद पांडे एवं श्री अलखराम दुबे ने विधायक अरविंद पटेरिया के प्रति आभार व्यक्त किया एवं विधायक जी ने संस्था के द्वारा किए जा रहे मानवीय सेवा कार्यों की मंच के माध्यम से भरपूर प्रशंसा करते हुए संस्था को अपनी तरफ से भी सहयोग प्रदान किया और आगे भी सहयोग प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया, इस अवसर पर संजय मिश्रा, विपिन दुबे एवं महेश शुक्ला तथा आसपास के क्षेत्र से आए हुए बड़ी संख्या में गणमान्य विशेष तौर पर उपस्थित रहे ।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया विज्ञान का जादू, अतिथि भी रह गए हैरान

परिहार गर्जना न्यूज। वकस्वाहा- एस पी के जैन मेमोरियल स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी ने सभी को चकित कर दिया। इस आयोजन में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और विज्ञान के प्रति जुनून को बखूबी प्रदर्शित किया, जिससे सभागार में उपस्थित हर व्यक्ति को यह महसूस हुआ कि वे किसी नए वैज्ञानिक युग में प्रवेश कर चुके हैं।

***तहसीलदार भरत पांडे ने किया बच्चों के प्रयासों की सराहना***





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, तहसीलदार भरत पांडे ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, इस कार्यक्रम में आकर मुझे ऐसा नहीं लगा कि मैं बच्चों के बीच हूँ। कुछ देर के लिए तो ऐसा लगा जैसे मैं वैज्ञानिकों और डॉक्टरों के साथ हूँ। तहसीलदार के इस बयान ने बच्चों के मॉडल्स और उनके प्रस्तुतिकरण की उत्कृष्टता को उजागर किया विशिष्ट अतिथि राजकिशोर तिवारी ने कहा, बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स तारीफ के योग्य हैं, लेकिन उनका प्रेजेंटेशन और भी काबिले तारीफ है। बच्चों ने न केवल विज्ञान को समझा, बल्कि इसे प्रस्तुत करने का तरीका भी बेहतरीन सीखा है। बलभद्र राय ने भी बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा, यह प्रदर्शनी बच्चों के ज्ञान और उनके प्रयासों का प्रतीक है, जो उन्हें एक नई दिशा देती है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसे अनन्या सोनी, पलक सोनी और अंशिका खटीक ने प्रस्तुत किया। इसके बाद स्वागत गीत ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। छात्रों ने विज्ञान और कला का एक अनोखा मिश्रण प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम की चमक और भी बढ़ गई।

विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने कई दिलचस्प और ज्ञानवर्धक मॉडल्स तैयार किए, जैसे शारीरिक संरचना, ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर आधारित मॉडल्स। इन मॉडल्स ने दर्शकों को यह समझने का अवसर दिया कि विज्ञान सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का अहम हिस्सा है और इसे हर पहलू में लागू किया जा सकता है कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था संचालक मंडल के महत्वपूर्ण योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। संस्था प्रमुख दिलीप मलैया, दिनेश मलैया, सुबोध जैन, रोहित शाह और अन्य सहयोगियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमा प्रदान की। उनके मार्गदर्शन और समर्थन से बच्चों को इस प्रदर्शनी के लिए प्रेरणा मिली और उन्हें अपनी रचनात्मकता को नए आयाम देने का अवसर प्राप्त हुआ कार्यक्रम के समापन पर विनोद जैन ने कहा, ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और उत्साह को बढ़ाते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं, बल्कि उन्हें नए विचारों और आविष्कारों के प्रति जागरूक भी करते हैं। कार्यक्रम का सफल निर्देशन विज्ञान शिक्षिका श्री सुरुचि श्रीवास्तव एवम सफल संचालन कु. नौरीना परवीन ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन श्री आयशा खान ने किया।

## सैडी की तूफानी पारी में उड़ा मलहरा, शाहपुर ने बड़ामलहरा को हराया

परिहार गर्जना न्यूज। वकस्वाहा- आज खेले गए टूर्नामेंट के चौथे दिन का पहला मुकाबला बड़ामलहरा और शाहपुर के बीच हुआ। शाहपुर ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। शाहपुर के बल्लेबाज सैडी ने 26 गेंदों में 80 रन की शानदार पारी खेली, जिसकी बदौलत उनकी टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 156 रन का विशाल लक्ष्य बड़ामलहरा के सामने रख दिया। सैडी की तूफानी पारी ने बड़ामलहरा के गेंदबाजों की धज्जियाँ उड़ा दीं और शाहपुर को एक मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया।वहीं, बड़ामलहरा की टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी, लेकिन टीम कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। लगातार गिरते विकेटों के बीच बड़ामलहरा की टीम मात्र 64 रन पर ऑलआउट हो गई। शाहपुर की शानदार गेंदबाजी और फील्डिंग ने बड़ामलहरा को मुकाबले में टिकने का मौका नहीं दिया। इस मैच के 'प्लेयर ऑफ द मैच' सैडी रहे, जिन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को जीत दिलाई। दूसरा मैच रू॥ बटियागढ़ और बिजावर के बीच खेला गया। बटियागढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में केवल 87 रन ही बनाए। बिजावर को 88 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उन्होंने महज 8 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया। इस मैच में बिजावर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। दिन का तीसरा मैच बिजावर और शाहपुर के बीच खेला गया, जिसमें शाहपुर ने जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत की। आज के मैचों के मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र सिंघई, समाजसेवी मनीष जैन, बद्री विश्वकर्मा, और जितेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों ने टूर्नामेंट के आयोजन और टीमों को शुभकामनाएं दीं।

***टूर्नामेंट की दूसरी पारी में शानदार मुकाबले जारी***

टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए मुकाबले में सभी टीमों ने अपनी रणनीतियों का शानदार प्रदर्शन किया, और दर्शकों को बेहतरीन क्रिकेट देखने का मौका मिला। आगामी मैचों में और भी दिलचस्प मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# आक्रोशित व्यापारी आए सड़कों पर अतिक्रमण को हटाओ के लगाए नारे





परिहार गर्जना न्यूज। सागर। नगर निगम की उदासीनता से परेशान होकर नाराज व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकान बंद करके नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा ।बात ये हे सड़क पर लगने वाले ठेले भयानक तरीके से लगे हुए जिससे कि व्यापारी के साथ साथ मार्केट में आने वाले ग्राहकों को इस मुसीबत का सामना करना पड़ता है।जिससे स्थिति कभी कभी गंभीर हो जाती है।ओर मारपीट की भी स्थिति बन जाती है।हम बताते हे आपको मस्जिद से लेकर राधा टॉकीज तक हाथ ठेले की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।जिससे यातायात सहित पैदल चलने वालों को भी दिक्कत होती है।व्यापारी अविनाश गंगवानी ने बताया कि दुकानों के सामने हाथ ठेले लग जाते हैं जिससे मार्केट के अंदर ग्राहकों को बड़ी दिक्कत होती है।वही गाड़ी लगाने तक की जगह नहीं बचती जिससे ग्राहक मार्केट आना ही पसंद नहीं कर रहा है।वही अगर किसी ग्राहक ने गाड़ी लगा दी तो उनसे गलीगलोच से लेकर मारपीट करने से भी ये हाथ ठेले वाले नहीं हिचकिचाते ऐसे में अराजकता की स्थिति बनती है।

आज व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकान बंद करके नगर निगम आयुक्त को हाथ ठेले वालों को हटाने के खिलाफ ज्ञापन सौंपा ओर इसका स्थाई समाधान की मांग की इसके बाद व्यापारी पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने पहुंचे वहां उन्होंने डीएसपी मयंक चौहान को ज्ञापन सौंपा ओर पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन सौंपा जिसमें व्यापारियों की मांग थी कि आए दिन ठेले वालों द्वारा ग्राहकों से अभद्र व्यवहार किया जाता हे जिसके कारण व्यापार प्रभावित हो रहा हे और आए दिन हथठेले वालों द्वारा व्यापारियों से गलीगलोच की जाती है। इस समस्या का स्थाई हल निकाला जाए अगर कोई अप्रिय घटना घटित होती हे।इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस पर आयुक्त राजकुमार खत्री का कहना था कि अतिक्रमण को लेकर चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा मस्जिद के चारों तरफ का अतिक्रमण अलग अलग प्रकार का हे इसको नियम के तहत स्थाई रूप से हटाया जाएगा जिसके आदेश अतिक्रमण अधिकारी को दे दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत शिवाजी वार्ड गढ़ाकोटा में शिविर का आयोजन



**श्रीराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। गढ़ाकोटा। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लगातार नवाचार करके विभिन्न माध्यम से विभिन्न अभियान और कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है दिन में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहित ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार और जनता के पास पहुंचकर उनका लाभ दिलाने के लिए विभिन्न कार्य किया जा रहे हैं किसी श्रृंखला में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत जिला सागर की नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा में विभिन्न वार्डों में आयोजन करके नगर वासियों की समस्याओं का तत्काल निराकरण एवं विभिन्न योजनाओं के आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है आज शिवाजी वार्ड गढ़ाकोटा में शिविर के अंतर्गत साहू समाज धर्मशाला में अभियान का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश लहरिया जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री धनंजय गुमास्ता सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद जिनमें इंद्रजीत सिंह चौहान, संजय खटीक, निलेश कुमार दुबे,अजय कुमार नेमा एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी पधारे शिवाजी वार्ड की ओर से पार्षद प्रतिनिधि परसोत्तम साहू द्वारा सभी का स्वागत किया गया सभी वार्ड वासियों ने शिविर की जानकारी प्राप्त की एवं योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदन किया इस अवसर पर वार्ड में स्थित प्राचीन चबूतरा जिसमें एक मंदिर है उसके क्षतिग्रस्त होने की जानकारी नगर पालिका परिषद को प्रदान की एवं ज्ञापन के माध्यम से उस चबूतरे का पुनर्निर्माण करवाने की अपील की इस अवसर पर वार्ड के वार्ड वासियों की ओर से बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## किला प्रांगण स्थित प्राचीन मां बीजासेन माता मंदिर में पूजा अर्चना सहित कन्या पूजन से होगा महोत्सव का आगाज



परिहार गर्जना न्यूज। खुरई। खुरई डोहेला महोत्सव 2025 की तैयारियों का दौर जारी है,इसी क्रम में स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह कल दिनांक 27 दिसंबर 2024 दिन शुक्रवार को किला प्रांगण स्थित प्राचीन मां बीजासेन माता मंदिर में पूजा अर्चना सहित कन्या पूजन कर महोत्सव का आगाज करेंगे साथ ही तैयारियों का जायजा लेंगे एवं किला सहित मेला ग्राउंड एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधितों से जानकारी लेंगे विशाल खुरई महोत्सव के सफल आयोजन हेतु माता मंदिर में पूजा अर्चना सहित कन्या पूजन किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने अधीनस्थ अधिकारियों सहित कर्मचारियों संबंधित सदस्यों के साथ किला परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया मंदिरों सहित संपूर्ण परिसर की सफाई,पुताई पेंटिंग लाइटिंग आदि तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को दिए।

ज्ञात हो की विगत कई वर्षो से जारी भव्य डोहेला महोत्सव में भारत के जाने माने कलाकरों द्वारा प्रस्तुतियां दीं जाती है,इस वर्ष भी बॉलीवुड की मशहूर सिंगर मोनाली ठाकुर,सुखविंदर सिंह,एवं देश के प्रसिद्ध कवि डॉ.कुमार विश्वास की प्रस्तुति डोहेला महोत्सव में होना है,तीन दिवसीय भव्य खुरई डोहेला महोत्सव 14 से 16 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

## सांसद संवाद केंद्र में बैठकर सुनी नागरिकों की समस्यायें एवं संबंधित अधिकारियों को दिये निराकरण के निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने सांसद संवाद केंद्र पहुंचकर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर उनके उचित निराकरण के संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान क्षेत्र के नागरिक एवं जनप्रतिनिधि संवाद केंद्र पहुंचे और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से अवगत कराया जिसे सांसद डॉ. वानखेड़े ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके उचित निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की और पत्राचार भी किया।

सांसद ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, इस दौरान जनहित से जुड़ी समस्याओं को नागरिकों ने प्रमुखता से बताया। इस मौके पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# सहयोगियों के साथ हवालात की हवा खानें पहुंची लुटेरी दुल्हन

## शादी का झांसा देकर धोकाधड़ी करने वाली महिला सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। दुल्हन बनने या बनकर लूट और ठगी के मामले आए दिन सामने आने के बाद भी लोग आखिरकार उनके झांसे में आ ही जाते हैं। जैन परिवार के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। ललितपुर निवासी शंशाक को जब एक लुटेरी दुल्हन ने चूना लगा दिया, तो वह न्याय के लिए पुलिस के पास पहुंचे। थाना प्रभारी पंकज शर्मा ने भी मामले को गंभीरता से लिया और सूचना के 24 घंटे में ही उनके संभावित ठिकानों पर दविश देकर दबोच लिया। लुटेरी दुल्हन और उसके चार अन्य साथियों को हवालात की हवा खिलाई गई। बताया गया है कि थाना कोतवाली टीकमगढ पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के अपराध में आरोपियान को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर माल बरामद किया गया। बताया गया है कि फरियादी शंशाक जैन पिता ओम प्रकाश जैन उम्र 34 साल निवासी सुधा सागर स्कूल के पास तालाबपुरा डोडाघाट ललितपुर ने थाना उपस्थित आकर एक टाइपसुदा स्व हस्ताक्षरित आवेदन पत्र आरोपीगण देवी सिंह, अशोक जैन, लच्छुवा प्रसाद, हीरा सिंह एवं प्रिया उर्फ विनीता लूनिया शादी के नाम पर धोखाधडी कर षडयंत्र बनाकर रुपये एवं जेवरात हड़प लेने बाबत् संबंध मे पेश किया। आवेदन पत्र के मजमून से प्रथम दृष्टया अपराध धारा 319 (2), 318 (4), 61 (2), 3 (5) बीएनएस का घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम द्वारा निर्देशित एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में निरीक्षक पंकज शर्मा प्रभारी थाना कोतवाली मय हमराह पुलिस के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये एवं तत्परता से आरोपियान की तलाश की गई, जो सूचना मिली की देवी सिंह, अशोक जैन, लच्छुवा प्रसाद, हीरा सिंह एवं प्रिया उर्फ विनीता लूनिया ग्राम पठा स्टेण्ड पर दिखाई दिये, जो कहीं बाहर जाने की फिराक में दिख रहे है। जो सूचना ग्राम पठा स्टैण्ड मय टीम के पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपियान देवी पिता दशरथ अहिरवार उम्र 31 साल निवासी ग्राम तखा मजरा थाना देहात टीकमगढ़, अशोक पिता प्रेमचंद्र जैन उम्र 35 साल निवासी ग्राम पपौरा माडूमर टीकमगढ़, लछुआ पिता सूका अहिरवार उम्र 65 साल निवासी ग्राम गुदनवारा टीकमगढ़, हीरालाल उर्फ हीरा सिंह पिता रामलाल अहिरवार उम्र 32 साल निवासी ग्राम गुदनवारा टीकमगढ़, विनीता उर्फ प्रिया सिंह पुत्री भागचंद्र नुनिया उम्र 26 साल निवासी मकान नंबर 2812 बंधा गुडाहा थाना रीठी जिला कटनी टीकमगढ को मौके पर दस्तयाव कर गिरफ्तार किया गया। जो अपराध में उपरोक्त आरोपियान पास से नगद रूपये, मोबाइल, जेवरात कुल कीमती 2 लाख 40 हजार रूपये का बरामद किया गया। आरोपियान उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेआर पर पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक पंकज शर्मा, सहायक उप निरीक्षक सतीश त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक मोहन, भूपेन्द्र, रतिराम, महिला आरक्षक अफरोज, छोटेलाल, महिला आरक्षक सुधा चौधरी सराहनीय भूमिका रही।



# शराब माफियाओं की उड़ाई पुलिस ने नींद, अवैध कारोबारियों की धरपकड़ जारी

## खरगापुर पुलिस ने 80 हजार रूपए कीमत की अवैध शराब बरामद

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले में जहां गांव-गांव और शहर-शहर अवैध शराब माफियाओं को जाल फैला हुआ है, वहीं मलिन बस्तियों में अवैध शराब के अड्डों ने गरीब परिवारों को तबाह कर दिया है। शहरी इलाकों में शराब माफियाओं के बढ़ते कारोबार को लेकर अब समाज में भी जागरूकता दिखाई देने लगी है। मलिन बस्तियों में निवास करने वाले परिवारों ने अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कई इलाकों में जन आक्रोश के चलते अवैध शराब की बिक्री बंद कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन की सख्ती के चलते कई ठिकानों पर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की जा चुकी है। कहा जा रहा है कि यदि इसी तरह का जनाक्रोश और पुलिस की सख्ती बनी रही, तो निश्चित ही जल्दी इस धीमे जहर से लोगों को निजात मिल सकेगी। बीते रोज खरगापुर पुलिस द्वारा की गई बढ़ी कार्रवाई की लोगों ने सराहना की है। बताया गया है कि खरगापुर पुलिस ने दविश देकर 80 हजार रूपए कीमत की अवैध शराब बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। इसके पूर्व भी इस इलाके में अवैध शराब बरामद की जा चुकी है। कार्रवाई के संबन्ध में मिली जानकारी में बताया गया है कि मुख्यमंत्री मप्र शासन एवं पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जिला स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। खरगापुर पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही में 1000 क्वार्टर अवैध देशी शराब 180 लीटर कीमती 80 हजार रूपए की जप्त की गई। बताया गया है कि मुख्यमंत्री मप्र शासन एवं पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अवैध मादक एवं नशीले पदार्थों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिला स्तर पर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खरगापुर उप निरीक्षक मनोज द्विवेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा बीते रोज 25 दिसम्बर 2024 की रात्रि में अवैध शराब की मुखबिर से प्राप्त सूचना पर छापामार कार्यवाई की गई। बताया गया है कि ग्राम रतनगुआं में आरोपी रामस्वरूप पिता रामलाल पाल के घर पर रेड कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध देशी शराब के 1000 क्वार्टर कुल 180 लीटर कीमती 80 हजार रूपए के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया। बताया गया है कि आरोपी के खिलाफ थाना खरगापुर में अपराध क्रमांक 350/2024 आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मनोज द्विवेदी थाना प्रभारी खरगापुर, सहायक उप निरीक्षक पन्नालाल, कामता प्रसाद, प्रधान आरक्षक सनिल शर्मा, आरक्षक दीपक, गौरीशंकर, सरमन, हरिराम, योगेश, पुष्पेन्द्र,महिला आरक्षक संजू, शैलू, हर्षिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# वन विभाग टीम जतारा ने सुअर के शिकार मामले में- चलती बस में बैठे फरार आरोपी को टीकमगढ़ से किया गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। फिल्मों में देखा जाता है कि अपराधी पुलिस को चकमा देकर इधर से उधर भागता है, और पुलिस उनके पीछे भागती रहती है। आरोपी बस और रेल गाड़ियों में बैठकर चकमा देने में कामयाब बनें रहते हैं। आखिर अंत में आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़कर हवालात तक पहुंच ही जाता है। कुछ इसी तरह का मामला यहां सामने आया। वन विभाग जतारा ने फरार आरोपी को आखिर चलती बस से ही फिल्मी स्टाइल में दबोच ही लिया। बताया गया है कि वन विभाग जतारा द्वारा की जा रही कार्रवाई के दौरान अब तक जहां जंगल माफियाओं के खिलाफ कार्रवाईयां की जा रही हैं, वहीं फरार आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है। अगस्त माह से सुअर के शिकार मामले में फरार चल रहे आरोपी जानकी आदिवासी को फिल्मी स्टाइल में चलती बस में से गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि वन परिक्षेत्र जतारा अन्तर्गत 28 अगस्त 2024 को बीट हरपुरा के चतुरकारी गांव में हुए अवैध सुअर के शिकार मामले में पंजीबद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 248/3 दिनांक 28 अगस्त 2024 में छै आरोपियों की गिरफ्तारी उपरांत फरार चल रहे सातवें आरोपी को आज दिवस वन परिक्षेत्र जतारा शिशुपाल अहिरवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर फिल्मी स्टाइल में टीकमगढ़ में चलती बस से गिरफ्तार किया गया। सुअर के शिकार में गिरफ्तार आरोपी का नाम जानकी आदिवासी निवासी चतुरकारी बताया गया है। खबर लिखने तक वन विभाग जतारा के द्वारा आरोपी को टीकमगढ़ से गिरफ्तार करने के उपरांत पूंछतांछ कर बयानों की कार्यवाही के लिए वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा में अभिरक्षा में लिया गया है। जिसके उपरांत न्यायालय जतारा में पेश किया जाएगा। उक्त कार्यवाही मुख्य वन संरक्षक छतरपुर, वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ एवं उप वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देशन और मार्गदर्शन में शिशुपाल अहिरवार वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा के कुशल नेतृत्व में की गई। जिसमें वन परिक्षेत्र जतारा के अधिनस्थ वन अमले के रूप में अश्वनी मिश्रा डिप्टी रेंजर लार, शुभम पटेल वन रक्षक, प्रेम नारायण अहिरवार वन रक्षक, प्रमोद अहिरवार वन रक्षक, अमन प्रजापति वन रक्षक, अनिल द्विवेदी स्थाई कर्मी, आजाद खान स्थाई कर्मी और वाहन चालक शहीद खान सम्मिलित रहे।



# दुल्हन ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या- आजीवन कारावास की सजा का सुनाया जतारा न्यायालय ने फैसला

## अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था मृतक

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के जतारा थाना अंतर्गत ग्राम हरपुरा निवासी नरेंद्र सिंह घोसी ने दिनांक 17 जुलाई 2022 को दोपहर के समय थाना जतारा में सूचना देकर बताया था कि मेरे चाचा नवीन घोष पुत्र महीप सिंह घोष की अज्ञात लोगों ने गला रेत कर हत्या कर दी है। जिस पर पुलिस ने 302 का मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस द्वारा जब मृतक नवीन घोष की पत्नी अंजलि घोष से पूंछतांछ की गई, तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। पुलिस ने इस हत्या के मामले में मृतक की पत्नि के मायके पक्ष निवासी प्रेमी अक्षय उर्फ राजा घोष निवासी गुरसराय और दो नाबालिक लड़कों के विरुद्ध थाना जतारा में मामला पंजीबद्ध किया गया था। यह मामला न्यायालय जतारा में चल रहा था और जिसमें पुलिस ने तमाम सबूतों को इकट्ठा किया। तमाम सबूतों और गवाहों को मद्दे नजर रखते हुए हत्या के आरोपी अंजलि और उसके प्रेमी अक्षय उर्फ राजा घोष निवासी बछेर गुरसरांय उत्तर प्रदेश को मंगलवार दिनांक 24 दिसंबर 2024 को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है। इस घटना में लिप्त दो नाबालिक लड़कों का बाल न्यायालय जिला टीकमगढ़ में अभी मामला विचाराधीन है। जतारा न्यायालय के न्यायाधीश के इस अहम फैसले को लेकर नगर वासियों ने सराहना की है। आपको बता दें कि मृतक नवीन घोष पिता महिप सिंह घोष की शादी 3 जुलाई 2022 को हुई थी और जिस दिन में दुल्हन अपनी हाथों को मेहंदी से रंगती है। उन्हीं दिनों में अंजलि घोषी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या शादी से 14 दिन बाद करवा कर अपने हाथों को खून से रंग लिया। आपको बता दे कि नवीन अपने परिवार में एक अपने माता-पिता का अकेला लाड़ला था, जिसको उसकी ही पत्नी ने अपनी प्रेमी के साथ एवं अन्य दो नाबालिकों की साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया था।

# प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में नहीं पंहुचे सैकड़ों वाहन

## परेशान हुए लोग, शासन प्रशासन की लापरवाही, लाखो रूपये चले गये पानी में




**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/खजुराहो केन बेतवा लिंक परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम मे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंहुचे थे, कार्यक्रम को भारी सफल तथा भव्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के लिए लगभग 5 हजार बसें लगाई गई थी, साथ ही अन्य चार पहिया वाहन भी लगाये गये थे, जिससे भारी भीड़ एवं अव्यवस्था का माहोल बन गया तथा कार्यक्रम स्थल पर हजारो लोग पंहुच ही नहीं पाये एवं सैकड़ो वाहन जाम में फसे रहें, पन्ना जिले से लगभग एक हजार बसो को कार्यक्रम में शामिल होने का टारगेट दिया गया था, प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो से चार बसें लगाई गई थी, तथा सचिव, सरपंचो को जिम्मेवारियां दी गई थी, इसके अलावा, जन अभीयान परिषद, स्व सहायता समूह, वन विभाग सहित अन्य विभागो को भी भीड़ जोड़कर ले जाने की जिम्मेवारी मिली थी, एवं पंहुचने वाले लोगो को भोजन एवं अन्य व्यवस्था के भी निर्देश थें, लेकिन उक्त कार्यक्रम को लेकर भारी अव्यवस्था देखी गई, जाम लगने के कारण तथा भारी भीड़ होने के चलते पुलिस एवं प्रशासन द्वारा हजारो वाहनों को कार्यक्रम स्थल के पूर्व ही अनेक किलोमीटर दूर रोक दिया गया तथा कार्यक्रम मे शामिल होने गये लोग उक्त वाहन में बैठे रहे, उन्हे वहां तक जाने नहीं मिला, तथा किसी प्रकार की भोजन एवं चाय नास्ता की भी व्यवस्था नहीं की गई। उदाहरण के तौर पर शाहनगर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत जुगरवारा से बस द्वारा आदमी लाये गये थे, जो टोरिया टेक, सूरजपुरा के पास छह घंटा जाम में फसे रहें, वाहनो को अन्दर जाने के लिए रास्ता ही नही मिला तथा वह लोग वापिस लौट आये, खाने पीने की व्यवस्था भी नहीं रही जिससे वह लोग भूंखे रहें, इस प्रकार की अव्यवस्था से आम लोग भारी परेशान हुए तथा शासन के करोड़ो रूपये की राशि का भारी दुरपयोग हुआ, कुछ दिनो से यह नई परपाटी चल चुकी है कोई भी बड़ा नेता आता है तो गांव गांव से प्रशासनिक अमला के माध्यम से बसों में भीड़ लाई जाती है तथा शासकीय राशि का जमकर दुरपयोग होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योकि उक्त पैसा सरकार को आम जनता के टैक्स से ही वसूला जाता है, जिसका भार जनता पर ही पड़ता है।

## महर्षि विद्या मंदिर पन्ना में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**दयाशंकर दीक्षित**


परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना शहर की शैक्षणिक संस्था महर्षि विद्या मंदिर में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें अनेक खेल कराये गयें तथा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा भाग लिया गया तथा अननी प्रतिभा को दिखाया गया। 24 दिसम्बर से आयोजित उक्त प्रतियोगिता का समापन 26 दिसम्बर को



जिला क्रिकेट एशोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परमार की अध्यक्षता में किया गया। तीन दिवस चलें उक्त प्रतियोगिता में खेलो में छोटे बच्चों के म्यूजिकल चियर रेस, जलेबी रेस, 50 मीटर एवं 100 मीटर की रेस ऊँची कूद एवं लम्बी कुंद छात्राओं के लिए खो-खो एवं बेडमिन्टन प्रतियोगिताएँ तथा छात्रों के लिए किकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ीयों को पुरूष्कार स्वरूप ट्रॉफी, शील्ड एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। किकेट टूर्नामेंट कें दौरान विद्यालय के पूर्व छात्र अभिराज सिंह परमार एवं शिक्षिका भावना विश्वकर्मा ने कॉमेन्ट्री बॉक्स बड़े रोचक एवं प्रभावी ढंग से संभाला। किकेट का दसवी एवं बारहवीं कक्षाओं का फाइनल मैच विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा, जिसमें रोमांचक मैच के परिणाम का निर्णय सुपर ओवर के द्वारा हुआ। और कक्षा दसवीं विजयी रही तथा मैन आफ द मैच का पुरूष्कार रोहित झा कक्षा 10वीं एवं मैन आर्फे द सीरिज का खिताब शिवा तिवारी कक्षा 12वीं को मिला। टूनमिन्ट में अम्पायर की भूमिका अभिषेक जैन, दीपेन्द्र कुमार, रामशरण पटेल, सुनील कुमार शुक्ला एवं उत्तम सिंह परमार के द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पी0के0 दीक्षित ने समस्त अतिथियों का स्वागत मार्ल्यापण एवं शॉल श्रीफल भेंटकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहीए, जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा अध्यन के साथ साथ खेलो मे भाग लेने का अवसर प्राप्त हो, खेलो के द्वारा मनुष्यक का मानसिक एवं शारीरिक दोनो प्रकार से विकास होता है, इस लिए विद्यालयों की भूमिका छात्र छात्राओं के लिए खेलने का अवसर भी प्रदान करना चाहीए। खेलो से एकता की भावना, आपसी सामंजस्य बना रहता है। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं के उत्साह वर्धन हेतु आभार व्यक्त किया। अंत में विद्यालय के ध्यान योग शिक्षक अरुण कुमार दीक्षित के मार्ग दर्शन में राष्ट्रगान संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक राज कुमार मिश्रा, पूर्व खिलाड़ी अमर बहादुर सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाए, छात्र-छात्राए उपस्थित रही।

## प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार आज पन्ना में

पन्ना/उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार शुक्रवार, 27 दिसम्बर को सुबह 9.30 बजे सतना से पन्ना पहुंचेंगे और स्थानीय टाउन हॉल में सुबह 11 बजे से आयोजित स्वामित्व योजना अंतर्गत



हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख के वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री श्री परमार अपरान्ह 3 बजे पन्ना से कार द्वारा चित्रकूट रवाना होंगे।

## गुरुद्वारे में वीर बाल दिवस पर क्षेत्रीय विधायक ने दी श्रद्धाजंली

पन्ना/रानीगंज स्थित गुरूद्वारो में क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों को भावभीनी श्रद्धाजंली दी है, तथा उन्होने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए गुरू गोविन्द सिंह के साहेब जादो ने अपना जीवन बलिदान किया है। हम उनके बलिदान दिवस को वीरबाल दिवस के रूप में मनाते रहेगें। उक्त अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडेय विधायक प्रतिनिधी विष्णु पांडेय, कमल लालवानी, दुर्गेश शिवहरे मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता शशि राजे परमार आशा गुप्ता श्रीमती कविता रैकवार, दीपेश व्यास अजय पाठक लक्ष्मी यादव पप्पू यादव मृगेंद्र गहरवार संतोष जगवानी, शंकर जगवानी, जगमोहन कोहली समाज के कार्यकर्ता आदि।

## जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (जंप) का प्रदेश स्तरीय कार्यशाला 29 को गुना में जिले के पत्रकार होगें शामिल



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जर्नलिस्ट्य यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ का सहयोगी संगठन द्वारा राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं पत्रकार सम्मान समारोह तथा भारतीय पत्रकारिता में राष्ट्रवाद को लेकर कार्यक्रम 29 दिसम्बर को मध्य प्रदेश के गुना में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अन्य प्रान्तो तथा प्रदेश के सभी जिलो से पत्रकार शामिल हो रहें है। पन्ना जिले से भी अनेक पत्रकार उक्त कार्यक्रम में शामिल होगें। संगठन के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने समस्त पत्रकार साथियो से कार्यक्रम में शामिल हो कर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

## अधीक्षण यंत्री के निर्देश के बावजूद नहीं दी जा रहीं सूचना के अधिकार की जानकारी

### पन्ना जिले में सूचना अधिकार अधिनियम की अधिकारीयों द्वारा उड़ाई जा रहीं धज्जियां

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/तत्कालीन भारत सरकार द्वारा आम जनता को शासकीय कार्यालयों से आसानी से कोई भी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 बनाया गया था, जिसका उद्देश्य आम आदमी को शासकीय कार्यालय से कोई भी जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकें लेकिन वर्तमान समय में अधिकारीयों द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम की धज्जियां उडाई जा रही है तथा किसी भी कार्यालय से जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। अनेक प्रकार के नियम कानून बताकर गुमराह किया जाता है, या फिर लंबी चौड़ी राशि का पत्र थमाकर परेशान किया जाता है, वरिष्ठ कार्यालयों में अपील करने के बावजूद जिला स्तर के अधिकारी जानकारी देने में आनाकानी करते है। इसी प्रकार का मामला जल संसाधन विभाग का सामने आया है, आवेदक अरविन्द सिंह द्वारा जानकारी मांगी गई थी, संभागीय कार्यालय जल संसाधन द्वारा संबंधित को जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, उक्त संबंध में अरविन्द सिंह द्वारा वरिष्ट कार्यलय अधीक्षण यंत्री को अपील प्रस्तुत की गई थी, जिसके संबंध में अधीक्षण यंत्री द्वारा कार्यपालन यंत्री को पत्र लिखकर समयावधि मे जानकारी देने के निर्देश दिये गये थे, लेकिन लगभग तीन माह बीत जाने के बावजूद संबंधित को जानकारी नहीं दी गई, उनके द्वारा लगातार पत्रचार किया जा रहा है, उसके बावजूद विभाग द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। आवेदक नें जिला कलेक्टर सहित वरिष्ट अधिकारीयों से जानकारी दिलाये जाने की मांग की है।

## पन्ना टाइगर रिजर्व के अन्तगर्त पन्ना बफर परिक्षेत्र में अनुभूति शिविर का हुआ सफल आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सम्पूर्ण म.प्र. में अनुभूति शिविरों क आयोजन किया जा रहा है। पन्ना टाइगर रिजर्व के पन्ना बफर परिक्षेत्र में दिनांक 24.12.2024 को 'झिन्ना मोगली कैम्प' स्थल पर शासकीय स्कूल भापतपुर, बगहा, बनहरी कलां के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2024-25 "मैं भी बाघ एवं हम है बदलाव थीम पर अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 120 छात्र छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्य, मिशन लाइफ अनुरूप जीवन शैली अपनाकर प्रो प्लानेट पीपल बनने को प्रेरित किया गया। बच्चों को नेचर ट्रेल



की ट्रेकिंग, वृक्ष प्रजाति पहचान, परिस्थितिक तंत्र एवं जैव श्रृंखला में बाघ की अंब्रेला प्रजाति के रूप में महत्वता, बड़ी बिल्ली प्रजाति जैसे बाघ, सिंह तेंदुआ, चीता को पहचानना, गिद्ध के रहवास स्थल प्रजातियां, वन विभाग अधिकारियों की पद पहचान आदि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। बच्चों को जंगल की पुकार खेल द्वारा अपना स्वयं का जंगल बनाना, वन संपदा खेल द्वारा वन औषधियों की पहचान, आदि मुख्य आकर्षण गतिविधियां रहीं। अनुभूति शिविर पूरी तरह से फ्रनो प्लास्टिक यूजफ्र पर आधारित रहा। खाने पीने के लिए दोना पत्तल एवं कागज कप का उपयोग किया गया। प्रत्येक बच्चे को अनुभूति थीम आधारित कैप एवं जूट बैग प्रदाय किये गया। लघु वनोपज को बढ़ावा देने हेतु आंवला लड्डू दिये गये एवं अनुभूति पुस्तकों एवं प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। ट्रेकिंग ट्रेल में वन संवर्धन हेतु वन विभाग द्वार किये गये कार्य जैसे चेक डैम पौधरोपण, अत्याधिक चराई, सिरबोझ से होने वाले वनों को नुक्सान आदि कार्यो से छत्रों को अवगत कराया गया। अनुभूत शिविर में बच्चो को वन्यजीव संरक्षण हेतु प्रोत्साहित करने म.प्र. शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भी हिस्सा लिया एवं अपने उद्बोधन से बच्चो को मार्गदर्शन प्रदान किया। उपरोक्त शिविर में उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, सहायक संचालक मड़ला, अधीक्षक, केन घड़ियाल अभयारण्य, वन परिक्षेत्राधिकारी पन्ना बफर, स्थानीय ग्रामों के जनप्रतिनिधियों, मास्टर ट्रेनर भवानीदीन पटेल एवं शासकीय प्रेरक व अन्य वन अमला उपस्थित रहा।

# खेलेगा बीना विधानसभा तभी खिलेगा बीना विधानसभा- विधायक सप्रे

### -विधायक निर्मला सप्रे काआपकी सेवा हमारा संकल्प को लेकर तूफानी अभियान लगातार है जारी
### -आपकी सेवा हमारा संकल्प उद्देश्य को लेकर चल रही विधायक की विकास यात्रा
### -3 ग्राम पंचायतों में 40 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन संपन्न






**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना ।विधायक निर्मला सप्रे काआपकी सेवा हमारा संकल्प को लेकर तूफानी अभियान लगातार है जारी। उल्लेखनीय है कि स्थानीय विधायक एड. श्रीमति निर्मला सप्रे लगातार आपकी सेवा हमारा संकल्प अभियान लेकर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों एवं ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए के भूमिपूजन कर रही हैं। इसी विकास यात्रा के पड़ाव में ग्राम जौध में 10 लाख रुपए की लागत से अनुसूचित बस्ती में बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक निर्मला सप्रे द्वारा किया गया। ग्राम महादेवखेड़ी में 5 लाख 85 हजार की लागत से शिवरतन चढ़ार के घर से तुलसीराम सेन के घर तक सीसी सडक् निर्माण कार्य एवं महादेवखेड़ी में ही माँ शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण लागत 10 लाख रुपए का भूमिपूजन किया गया। विधायक की विकास यात्रा यहीं नहीं रुकी, ग्राम सिरचौपी में 4 लाख 57 हजार की लागत से रणवीर सिंह ठाकुर के निवास से करतार सिंह ठाकुर तक सीसी सडक् निर्माण कार्य एवं 10 लाख की लागत से जेपी रोड 4 पार्ट्स से जेपी मार्केट की ओर सीसी सडक् निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधयक निर्मला सप्रे ने कहा कि हमारा लक्ष्य बीना को समृद्ध और आधुनिक क्षेत्र में विकसित करना है, प्रत्येक ग्राम पंचायत और ग्राम का विकास हो, आवागमन की सुविधा सुलभ हो और ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे-छोटे आयोजनों के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण हो यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। विधायक निर्मला सप्रे ने कहा खेलेगा बीना विधानसभा, तभी खिलेगा बीना विधानसभा।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत नपा शिविर लगाकर हितग्राहियों को दे रही है लाभ




छतरपुर। नगर पालिका छतरपुर द्वारा निकाय में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा के निर्देशन में उक्त शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में कुल आवेदन 2547 प्राप्त हुए, जिसमें 860 आवेदन स्वीकृत कर हितग्राही लाभान्वित हुए। लंबित आवेदन समयसीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से शत-प्रतिशत हितग्राही लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पात्र माता-पिता को लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। और कहा कि जो पात्र हितग्राही लाभ लेने से वंचित रह गए वह अपना आवेदन नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत करें।

एफएलसी एसबीआई हरिशचन्द्र नापित ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 436 रुपए और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 20 रुपए की वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का बीमा कवर भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है एवं बचत खाता में नॉमिनी जरूर कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर पार्षद सुनीता चतुर्वेदी, रामदयाल यादव, पार्षद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र कुशवाहा, डॉ. जयराम दुबे, सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता, सुपरवाईजर उपमा श्रीवास्तव, गणेश ताम्रकार, उमाशंकर खरे, आदर्श सोनी, सुदीप तिवारी, रामसिंह राय, सुरेन्द्र निगम, पुष्पेंद्र यादव, रामसिंह राय, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अधिकारी-कर्मचारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## विहिप कर रहा है धर्मरक्षा निधि का संग्रह

भगवाँ। विश्व हिंदू परिषद के द्वारा भगवाँ क्षेत्र में धर्म रक्षा निधि लगातार संग्रह की जा रही है। विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड जिला मंत्री रामगोपाल यादव ने बताया कि संगठन साल भर हिंदू समाज की रक्षा, सुरक्षा, गो रक्षा, बहन-बेटियों की सुरक्षा, लव जिहाद के खिलाफ लड़ाई सहित कई मुद्दों पर काम करता है। इसीलिए समाज के प्रबुद्धजन से धनराशि एकत्रित की जाती है ताकि संगठनात्मक कार्य सुचारू रूप से चल सकें।

बताया जाता है कि इस अभियान में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता तन-मन से लगे हुए हैं। क्षेत्र के सभी प्रखंडों में अभियान जोरों पर है। वर्तमान परिस्थिति में धर्म की रक्षा कर समाज को एकजुट रखने की विशेष आवश्यकता है। ताकि धर्म विरोधी और राष्ट्र विरोधी ताकत हमारे राष्ट्र को कमजोर न कर सके। संस्था में दिया गया अनुदान सहयोग हिंदू हित तथा राष्ट्र निर्माण संवर्धन में सहयोग करेगा। इस दौरान घुवारा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष भरत यादव, प्रखंड मंत्री अमन साहू, प्रखंड संयोजक साहब सिंह,लाखन यादव महेंद्र सिंह सहित विश्व हिंदू परिषद के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आगमन को लेकर स्थल का किया निरीक्षण




परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर) मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष जीतू पटवारी 29 तारीख को बीना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक लेने आ रहे हैं ताकि कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के काले कारनामों को उजागर कर सके।

गुरुवार को पूर्व मंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव प्रभु सिंह ठाकुर,सहित लोकसभा प्रत्याशी रहे गुड्डू राजा बुंदेला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता,अमित दुबे (रामजी) मुकुल पुरोहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह यादव, शहर अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, अमरपाल सिंह बुंदेला,डॉक्टर ओमप्रकाश कैथोरिया, शशि मोहन तिवारी, सुरेश तिवारी नाही, पंकज यादव, रामकिशोर अहिरवार, नरेंद्र सिंह ठाकुर,भूपेंद्र सिंह मोनू राजा,राजेंद्र अटिया, प्रिंस राजा,प्रमोद राय, विमला अहिरवार, विक्रांत गोलंदाज आदि के साथ कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर स्थल निरीक्षण किया साथ ही पार्किंग व्यवस्था देखी । तत्पश्चात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में बैठक आयोजित की। 29 दिसंबर कार्यक्रम में विशेष रूप से कांग्रेस कार्यकर्ता मंडल एवं सेक्टर समन्वय के साथ कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

## भक्तों के जीवन चरित्र की कथा की प्रस्तुति ही भक्तमाल कथा - भक्त माली कुंज बिहारी दास




परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर) राधे राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा आज भक्तमाल कथा के पूर्व मां जागेश्वरी धाम से भव्य कलश यात्रा निकल गई जिसमें भक्तगण झूमते नाचते गाते हुए प्रजापति गार्डन पहुंचे जहां मुख्य यजमान दिनेश प्रजापति एवं उनके परिवार द्वारा सभी का पुष्पों वर्षा कर स्वागत किया गया।

भक्त माली कुंज बिहारी दास ने भक्तमाल कथा का महत्व बताया कि भक्तों के जीवन चरित्र को लिपिबद्ध कर कथा के रूप में प्रस्तुति देना ही भक्तमाल कथा है।

भक्त माली ने कहा कि संसार में भगवान को प्राप्त करने के लिए प्रारब्ध और पुरुषार्थ का होना जरूरी है, लेकिन। भगवान प्राप्ति के लिए सिर्फ इच्छा ही प्रबल होनी चाहिए। जिस तरह गर्भस्थ शीशु को पुष्ट रखने के लिए मां को प्रसन्न रखना पड़ता है, उसी तरह भगवत प्राप्ति के लिए भक्तों को प्रसन्न रखना पड़ता है। भगवान अपने भक्तों के अपराधी को कभी भी क्षमा नहीं करते हैं। गुरु अग्रदेवाचार्यजी के शिष्य नाभा गोस्वामीजी ने 500 वर्ष पहले भक्त माल कथा की संक्षिप्त रचना की थी। 200 वर्ष बाद नाभा गोस्वामीजी ने शिष्य प्रियादासजी महाराज को आदेशित कर भक्त माल कथा की विस्तृत व्याख्या करवाई ।कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर नृत्य किया। आरती व प्रसाद वितरण के साथ आज की कथा का समापन हुआ।



# मथुरा में वीर बाल दिवस पर कैबिनेट मंत्री ने गुरुद्वारा पर किया दूध का वितरण

आलोक तिवारी



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा सिखों के दसवें गुरू गुरूगोविन्द सिंह के परिवार की शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। छोटे साहिबजादों का स्मरण आते ही सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और सिर श्रद्धा से झुक जाता है। इस शहादत पर देश और विदेशों में 20 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक शहीदी सप्ताह दिवस के रूप में मनाया जाता है।

महा नगर के गुरूद्वारों में भी शहीदी सप्ताह दिवस श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। गुरूद्वारा गुरूनानक बगीची मसानी, गुरूद्वारा राधा नगर, गुरूद्वारा कृष्णानगर, गुरूद्वारा केशोपुरा, गुरूद्वारा धौलीप्याऊ, कुटिया कृष्णानगर सभी गुरूद्वारों में नामजप सिमरन, कीर्तन, श्री अखण्ड पाठ साहिब का पाठ, अरदास होती है। जहाँ सिखों के इतिहास की सबसे बड़ी शहादत को नमन कर याद किया जाता है।

वीर बाल दिवस पर गुरूवार को प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी होलीगेट स्थित गुरूद्वारा गुरू तेग बहादुर साहिब में पहुँचे जहाँ उन्होंने श्रीगुरूग्रन्थ साहिब के समक्ष माथा टेका और गुरू गोविन्द सिंह के साहिबजादों एवं सिख शूरवीर सपूतों के लिए अरदास की। उन्होंने कहा कि सिखों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इनके द्वारा किये गये कार्य देश व समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। गुरूद्वारे में संगत द्वारा शहीदी सप्ताह में चल रही मीठे दूध की सेवा में राहगीरों को गर्म दूध भी पिलाया।

वहीं गुरूद्वारा राधा नगर में भी मीठे गर्म दूध की स्टाल लगायी गयी। गुरूद्वारा प्रधान रघुवीर सिंह ओवराय ने बताया कि गुरूद्वारा में शहीदी सप्ताह के अन्तर्गत रोज गर्म दूध की स्टाल लगाई जाती है और साथ में शबद कीर्तन अरदास के उपरान्त लंगर प्रसाद वितरित होता है।

होलीगेट स्थित गुरूद्वारा गुरू तेग बहादुर साहिब के सेवादार बलविन्दर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस घोषित किये जाने पर कहा कि गुरू गोविन्द सिंह जी के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह उम्र 8 वर्ष एवं फतेह सिंह उम्र 5 वर्ष एवं उन वीर सपूतों को जो जंग के मैदान में शहीद हुए को श्रद्धांजलि देने का दिन है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूद्वारा सरहिन्द फतेहगढ़ साहिब उसी स्थान पर है जहाँ वीर साहिबजादों ने अन्तिम सांस ली थी।

कार्यक्रम में योगेन्द्र सिंह फौजदार (ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष), रनवीर सिंह (अध्यक्ष पराग डेरी), अनीस कुमार चाहर (सरपंच), पप्पू महाराज, राजवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह काले, सत्यपाल सिंह शन्टी, तरवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह, आशीष, मंगल सिंह, अमरजीत कौर, तेजपाल कौर, मन्जीत कौर, प्राजकता भाटिया, अरूण सिंह भाटिया, रिन्कू, महेन्द्र सिंह चावला, हरपाल सिंह भाटिया आदि मौजूद रहे।

# केएमयू - रोबोटिक, हार्ट सर्जरी को लेकर विशेषज्ञों ने की कार्यशाला

## रोबोटिक सर्जरी देती है अच्छे परिणाम - डा. पाखी अग्रवाल

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा केएम विश्वविद्यालय में रोबोटिक सर्जरी और एओरटा और दिल की सर्जरी को लेकर दिल्ली एनसीआर के स्पेशलिस्ट चिकित्सक डा. निरंजन हीरेमत, डा. प्राखी अग्रवाल, विपुल विजय ने एक दिवसीय कार्यशाला में विवि के एमबीबीएस सहित पीजी डाक्टर्स, अन्य डाक्टसों को सर्जरी के टिप्स दिए। जिसका संचालन केएम मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे और कार्यशाला के कॉर्डीनेटर विपेन्द्र रना ने किया। कार्यशाला की शुरूआत कार्डियो वैस्कुलर और एओर्टिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. निरंजन हिरेमथ के भाषण से हुई। उन्होंने कोरोनरी धमनी बाईपास सर्जरी, हृदय वाल्व मरम्मत/प्रतिस्थापन सर्जरी, मिट्रल वाल्व मरम्मत/प्रतिस्थापन, महाधमनी वाल्व मरम्मत/प्रतिस्थापन, न्यूनतम इनवेसिव कार्डियक सर्जरी, हाइब्रिड कार्डियक सर्जरी, रोबोटिक कार्डियक सर्जरी, महाधमनी धमनीविस्फार सर्जरी, एंडोवैस्कुलर सर्जरी, टीएवीआई, फेफड़ों का उच्छेदन, न्यूमोनेक्टॉमी, लोबेक्टोमी, वेंट्रीकुलर असिस्ट डिवाइस, हृदय प्रत्यारोपण, फेफड़ों का प्रत्यारोपण, वीएटीएस और वक्ष सर्जरी के बारे में बताया। वहीं गायनिकोलॉजी एडं रोबिट सर्जरी विशेषज्ञ डा. पाखी अग्रवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए रोबोटिक सर्जरी के बारे में सभी को अवगत कराया, इसी प्रकार से उन्होंने एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को हिस्टेरेक्टॉमी, गर्भाशय ट्यूमर, डिम्बग्रंथि द्रव्यमान, एंडोमेट्रियोसिस, फर्टिलिटी स्पेरिंग सर्जरी, पेल्विक सर्जरी, गायनी कैंसर सर्जरी - रेडिकल हिस्टेरेक्टॉमी, लिम्फैडेनेक्टॉमी, ओमेंटेक्टॉमी प्री-कैंसर घावों का उपचार, गायनी कैंसर सर्जरी - रेडिकल हिस्टेरेक्टॉमी, लिम्फैडेनेक्टॉमी, ओमेंटेक्टॉमी प्री-कैंसर घावों का उपचार, गायनी कैंसर स्क्रीनिंग भारी / दर्दनाक का उपचार पीरियड्स, स्त्री रोग संबंधी विकारों के इलाज के लिए कोल्पोस्कोपी न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल विकल्प को समझाया। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी को अच्छा बताते हुए कई बीमारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रोबोटिक को अच्छे से कर लिया जाए तो सर्जरी के अच्छे रिजल्ट आते है। जोखिम भरी सर्जरी में रोबोटिक सर्जरी बेहतर साबित होती है। यह सर्जरी कम्प्यूटर के निर्देशन द्वारा की जाती है लेकिन चिकित्सक टैलर की तरह दिमाग के जरिए इसे करता है। वहीं डॉ. विपुल विजय ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी इमरजैंसी के लिए टीम का होना आवश्यक होता है। एटीएलएस सर्जरी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे हॉस्पिटल के लिए अच्छी टीम होना आवश्यक है। उन्होंने फटा रोटेटर कफ, घुटने का ऑस्टियोआर्थराइटिस, हिप ऑस्टियोआर्थराइटिस, कूल्हे के जोड़ में चोट या फ्रैक्चर सर्जरी अन्य सर्जरी पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में मुख्य रूप से वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, डा. एसटी वली, हॉस्पिटल के एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीसन विभाग के डा.जेपी गुप्ता, डा. सागर, दंत विभाग के डा. अरूण, डा. भूपेन्द्र सहित पीजी डाक्टर्स, एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सर्जरी के बारे में विशेषज्ञों से प्रश्न भी पूछे।



## अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने दिए प्रमुख चौराहों पर प्रभावी गश्त के निर्देश

निवाड़ी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया के द्वारा वर्ष के अंत में पिछले 3 वर्षीय तुलनात्मक डाटा का अध्ययन कर की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई तथा अत्यधिक ठंड में होने वाली चोरियों को रोकने के लिए प्रमुख चौराहों पर प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निगरानी गुंडा बदमाशों आदतन अपराधियों की निरंतर निगरानी करने तथा क्षेत्र में शांति भंग या माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया इसके साथ-साथ महिला सुरक्षा हेतु संचालित पोर्टल की ऑनलाइन समीक्षा की गई तथा सीसीटीएनएस पोर्टल के माध्यम से समन और वारंट की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी सामाजिक एवं धार्मिक त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद ग्राम पंचायत तथा विद्युत विभाग आदि से समन्वय बनाते हुए व्यवस्था बनाने के लिए निर्देशित किया गया तथा अनुविभाग अंतर्गत आने वाले थाना चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित करने एवं नगर ग्राम रक्षा समिति को ड्यूटी में सहभागिता हेतु सक्रिय रखने के निर्देश बैठक में दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी जिले के समस्त थाना प्रभारी चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव का आज से होगा शुभारंभ

## जिले के प्रभारी मंत्री करेंगे शुभारंभ स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री करेंगे समापन

राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। महाराजा खेत सिंह की जयंती पर निवाड़ी जिले की ऐतिहासिक नगरी ग्राम गढ़कुंडार में प्रतिवर्ष दिनांक 27, 28 एवं 29 दिसंबर को आयोजित होने वाले गढ़कुंडार महोत्सव का आज मध्य प्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री तथा निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की उपस्थिति में शुभारंभ किया जाएगा तथा तीन दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ 29 दिसंबर को आयोजन का समापन टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद तथा भारत सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार की उपस्थिति में समापन किया जाएगा इसके साथ-साथ दिनांक 28 दिसंबर को मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति की भी सूचना प्राप्त हुई है। गौरतलब है कि महाराजा खेत सिंह की जयंती पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले तीन दिवसीय का गढ़कुंडार महोत्सव का शुभारंभ सन 2006 से किया गया था और तब से लगातार यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के द्वारा एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जाता रहा है और इस वर्ष भी कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में संस्कृति विभाग के द्वारा आयोजित हो रहे तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव के आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी तैयारियां की गई हैं और आज दिनांक 27 दिसंबर से गढ़कुंडार महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा।

**_आज होगा कालबेलिया नृत्य_**

मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के द्वारा एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित हो रहे तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव का आज कालबेलिया मनोहारी नृत्य के साथ शुभारंभ होगा। तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आज दिनांक 27 दिसंबर को सायं 7 बजे से गढ़कुंडार महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सुमित दुबे एवं साथी कलाकार नरसिंहपुर के द्वारा बुंदेली लोक गायन अप्पनाथ कालबेलिया जोधपुर के द्वारा मांगणियार गायन एवं कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा तथा डॉ मालिनी अवस्थी और उनके साथी कलाकारों के द्वारा लोक संगीत गायन का प्रस्तुतीकरण होगा।

**_महाराजा खेत सिंह ने बनाया था गढ़कुंडार को अपने राज्य की राजधानी_**

महाराजा खेत सिंह एक ऐसा नाम है जिनका शौर्य साहस और युद्ध कला हम सब के लिए आज भी प्रेरणादाई हैं। महाराजा खेत सिंह का जन्म 27 दिसंबर 1140 ईसवी जूनागढ़ गुजरात में हुआ जिनकी शासन अवधि 1182 ईसवी से 1212 ईसवी तक रही। गुजरात में जूनागढ़ के शाही परिवार में राजा रुद्रदेव के पुत्र महाराजा खेत सिंह खंगार का जन्म विक्रम संवत पौष माह चैत्र शुक्ल पक्ष में दिनांक 27 दिसंबर 1140 को हुआ। महाराजा खेत सिंह खंगार ने पृथ्वीराज चौहान की सहायता से कई युद्ध लड़े और विजय प्राप्त की जिसके उपरांत पृथ्वीराज चौहान ने खेत सिंह खंगार को अपने राज्य का राजा घोषित किया तथा 1181 ईस्वी में शासक के रूप में महाराजा खेत सिंह खंगार को ताज पहनाया गया। महाराजा खेत सिंह ने अपने इस राज्य का नाम जिझौतिखंड रखा जो वर्तमान में बुंदेलखंड रहा और गढ़कुंडार को अपने राज्य की राजधानी बनाया तथा अपने राज्य जीझौतीखंड को स्वतंत्रता हिंदू गणराज्य घोषित किया। खंगार वंश के राजाओं का इतिहास वीरता और बलिदान से परिपूर्ण रहा है जिनके द्वारा मोहम्मद गजनबी अलाउद्दीन खिलजी मोहम्मद तुगलक से युद्ध किए गए और सोमनाथ मंदिर की रक्षा कर जीर्णोद्धार भी कराया गया। सन 1192 में तराइन के युद्ध में पृथ्वीराज चौहान की हार के बाद गढ़कुंडार में महाराजा खेत सिंह ने हिंदू खंगार राज्य की नींव डाली। महाराजा खेत सिंह ने सन 1182 ईस्वी में अपने सैनिक मुख्यालय के स्थान पर गढ़कुंडार किले का निर्माण करवाया था। घने जंगलों और पहाड़ों के बीच बना यह किला दूर से तो दिखाई देता है किंतु जैसे-जैसे इसके नजदीक पहुंचते हैं यह किला दिखाई देना बंद हो जाता है। यह किला उत्तर भारत की सबसे प्राचीन इमारत है और यह पहाड़ों की ऐसी ऊंचाई पर बना है की तोपों के गोले इसे नहीं तोड़ सकते थे लेकिन इस किले से बहुत दूर तक दुश्मन को देखकर उसे आसानी से मारा जा सकता था। महाराजा खेत सिंह ने 1182 ईस्वी से 1212 ईस्वी तक अपने राज्य पर राज्य किया और 30 अगस्त 1212 ईस्वी में महाराजा खेत सिंह का निधन हुआ। महाराजा खेत सिंह के शौर्य साहस और बलिदान को याद करने के लिए प्रतिवर्ष गढ़कुंडार में महाराजा खेत सिंह की जयंती पर तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव का आयोजन किया जाता है और इस वर्ष भी यह आयोजन आज दिनांक 27 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है।

**_28 दिसंबर को होगा महाराजा खेत सिंह के इतिहास का गायन_**

महाराजा खेत सिंह की जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव में दूसरे दिन दिनांक 28 दिसंबर को आल्हा गायन कत्थक समूह नृत्य एवं महाराजा खेत सिंह के इतिहास का गायन होगा तथा दिनांक 29 दिसंबर को वीरांगना केसर देई लोक नाटक का मंचन ब्रज की होली मयूर नृत्य बधाई लोक नृत्य के साथ-साथ सुगम संगीत का आयोजन किया जाएगा।

# महारापुर पुलिस ने कट्टा सहित युवक को किया गिरफ्तार



*छतरपुर। पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। सोशल मीडिया में अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। सघन वाहन चेकिंग में अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हथियारों के स्रोत संबंधी जानकारी एकत्र कर संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है।*

थाना महाराजपुर पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान गौरारी तिगैला में अवैध हथियार सहित एक युवक की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम मौके पर पहुंची। संदेही की तलाशी लेने पर एक अवैध 315 बोर का देशी कट्टा एवं कारतूस बरामद किया गया। आरोपी आनंद यादव पिता आशाराम यादव निवासी ग्राम गौरारी थाना महाराजपुर के पास से एक अवैध 315 बोर का देशी कट्टा, कारतूस जप्त कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध महाराजपुर थाना में आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी की अवैध हथियार सहित फोटो पूर्व में सोशल मीडिया में वायरल हुई थी। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी महाराजपुर निरी.प्रशांत सेन, सहायक उनि.आर.पी.अहिरवार, प्रआर. दीपेन्द्र सिंह, पुष्पेंद्र यादव, आर.सत्येन्द्र परमार की भूमिका रही।

# जहरीला पदार्थ खाने से 16 वर्षीय बालिका की इलाज के दौरान मौत



छतरपुर। गुरुवार की दोपहर 1 बजे जिला अस्पताल से एक मामला सामने आया है जिसमें 8वीं क्लास में पढ़ने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। मंगलवार की शाम को वह घर पर अकेली थी तभी उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था उसे इलाज के लिए मंगलवार की रात में अस्पताल लेकर आए थे बुधवार की रात में उसकी हालत बिगड़ी उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया जहां गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। दोपहर में उसका जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया वहीं थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार गीता पिता अंतू कुशवाहा उम्र 16 साल निवासी ग्राम सादनी की रहने वाली है। वह गांव के ही स्कूल में 8वीं क्लास में पढ़ाई कर रही थी कुछ समय से वह मिर्गी की बीमारी से ग्रसित थी जिसके लिए परिवार के लोगों ने बागेश्वर धाम में झाड़ फूंक कराई थी, उसको आराम भी लगा था मंगलवार की शाम को उसकी हालत बिगड़ी उसे उल्टियां आ रही थी सभी लोग खेत पर काम करने गए थे शाम को एक छोटी लड़की ने जानकारी दी। उसे इलाज के लिए टैक्सी से जिला अस्पताल में भर्ती किया लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। बुधवार की रात उसकी हालत बिगड़ी तो उसे छतरपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए जहां इलाज के दौरान गुरुवार की दोपहर उसकी मौत हो गई। वहीं गुरुवार की दोपहर जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा बनाकर मृतक का पोस्टमार्टम कराया और बॉडी परिजनों को सौंप दी। सटई थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# वन स्टाप सेंटर से भागी लड़की



छतरपुर। गुरुवार की सुबह वन स्टाप सेंटर से एक लड़की के भागने का मामला सामने आया है। सेंटर की प्रशासक द्वारा सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीकी चौबे ने बताया कि बमीठा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की संजो यादव पुत्री परशु यादव 17 वर्ष निवासी शिवराजपुरा को 20 दिसम्बर को दस्तयाब कर वन स्टाप सेंटर में काउंसिलिंग के लिए रखा गया था। गुरूवार 26 दिसम्बर को उक्त लड़की सुबह करीब साढ़े 9 बजे वन स्टाप सेंटर की दीवार फांदकर किसी के बहकावे में आकर भाग गयी। वन स्टाप सेंटर की प्रशासक नेहा जैन ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या

लवकुशनगर। हिनौता थाना क्षेत्र के खैराही गांव के एक 33 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के पीछे वजह का खुलासा नहीं हो सका है।

पुलिस के अनुसार बुधवार शाम बबलू पिता रमेश राजपूत निवासी ग्राम खैराही अपने पुराने रिहायशी मकान में शाम के समय अकेला था। परिजन खेतों में काम करने के लिए गए हुए थे तभी अपने कच्चे मकान की मयारी से रस्सी डालकर बबलू राजपूत ने फांसी लगा ली। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का पंचनामा भरकर शव पीएम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदला भेजा। पीएम उपरांत पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# युवाओं को साहिब जादों के आदर्शों से जोड़ना भाजपा का संकल्प- चन्द्र भान सिंह गौतम




परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, यह दिन हमें सिख समुदाय के अद्वितीय इतिहास और वीर साहिबजादों की महान शौर्य गाथा को याद दिलाता है, जिन्होंने अपने धर्म, देश और संस्कृति की रक्षा के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। भाजपा का संकल्प है कि देश की युवा पीढ़ियों को महान वीर बालकों के आदर्श से जोड़े। आज का यह कार्यक्रम सिर्फ श्रद्धांजलि का नहीं है, बल्कि हमारी युवा पीढ़ी को उनकी गौरवशाली गाथा को प्रेरित करने का प्रयास भी है। भाजपा ने हमेशा सिख धर्म और उनकी विरासत का सम्मान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय बाल दिवस घोषित करना, हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और अपनी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण कदम भी है। शरण जीत सिंह ने बताया कि %हमारे देश का इतिहास शूरवीरों और बलिदानियों की गाथा से भरा पड़ा है। लेकिन सिख धर्म के 10वे गुरु गोविंद सिंह के पुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का बलिदान अपने आप में अनुपम है। ये शायद दुनिया का पहला उदहारण है, जिस तरह से उनका बलिदान हुआ है। जब भी इस बारे में विचार करते हैं तो मन में श्रद्धा का भाव आ जाता है। उन्होंने अपने बलिदान से राष्ट्र को आगे बढ़ाने का काम किया है। छोटी आयु में इन वीर बालकों ने धर्म और सत्य के लिए जो साहस दिखाया, वो हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मोनू यादव जिला मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला कार्यालय मंत्री अरविंद त्रिपाठी सरदार संपूर्ण सिंह रविंद्र सिंह जनक गिरोटी गुरजिंदर सिंह सुरेंद्र सिंह प्रीत सिंह नीतू चांनना साधु सिंह कमलेश राय पंकज रावत दीपेंद्र सिंह बलजीत कौर प्रीती स्वाति गुप्ता चंदा चौरसिया भारतेंदु गुप्ता अन्य भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# ईशानगर पुलिस ने दो भैंसों एवं एक भैंसा सहित पिकअप वाहन किया जप्त, दो चोर गिरफ्तार




छतरपुर। बीती रोज आमखेरा से अज्ञात चोरों द्वारा दो भैंसों व एक भैसा को पिकप वाहन में लाद कर ले जा रहे थे जिसकी सूचना सुरेश राय पिता पर्वत लाल राय निवासी आमखेरा ने ईशानगर थाना को दी। ईशानगर पुलिस ने अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जिसमें दो भैंस चोर लखन यादव पिता सिब्बू यादव उम्र 45 वर्ष निवासी परम कालोनी नौगांव, मोहित अग्रवाल पिता कैलाश अग्रवाल उम्र 36 वर्ष निवासी परम कालोनी नौगांव सहित पिकप वाहन को जप्त कर ईशानगर पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सक्सेना प्रधान आरक्षक जगवेंद्र सिंह, रतिराम प्रजापति, आरक्षक सतीश यादव, गुमान प्रजापति, मनीष यादव, राघवेंद्र सिंह यादव, हरि सिंह यादव सहित महिला आरक्षक शिवानी की भूमिका रही।

**संपादक मंडल**
अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321